# BPSC प्राथमिक विद्यालय

## अध्यापक भर्ती परीक्षा

# सामान्य अध्ययन

## प्रश्न मंजूषा

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अध्यापक भर्ती परीक्षा में पूछे जाने
वाले प्रश्न-पत्रों के अनुरूप प्रश्नोत्तर रूप में संकलित अध्ययन सामग्री
बिहार में आयोजित होने वाली समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं/
परीक्षार्थियों के लिए उपयोगी पुस्तक

**संपादक**
एन. एन. ओझा

**लेखक**
क्रॉनिकल संपादकीय मंडल

CHRONICLE
Nurturing Talent Since 1990

# अनुक्रमणिका

## सामान्य अध्ययन


1. प्राचीन भारत ........................................ 1-14
2. कला-संस्कृति ........................................ 15-22
3. मध्यकालीन भारत ........................................ 23-30
4. आधुनिक भारत ........................................ 31-45
5. भारत का स्वतंत्रता आंदोलन ........................................ 46-57
6. भारतीय राजव्यवस्था ........................................ 58-88
7. भारत का भूगोल ........................................ 89-104
8. विश्व का भूगोल ........................................ 105-115
9. भारतीय अर्थव्यवस्था ........................................ 116-131
10. जीव विज्ञान ........................................ 132-146
11. रसायन विज्ञान ........................................ 147-152
12. भौतिक विज्ञान ........................................ 153-159
13. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ........................................ 160-162
14. पर्यावरण ........................................ 163-172
15. बिहार विशेष ........................................ 173-184
16. सामान्य जागरूकता ........................................ 185-192
17. समसामयिक प्रश्न ........................................ 193-216


## प्राथमिक गणित


1. संख्या पद्धति ........................................ 3-7
2. विभिन्न इकाइयां ........................................ 8-8
3. भिन्न एवं उसकी तुलना ........................................ 8-12
4. लघुत्तम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्त्तक ... 13-14
5. ऐकिक नियम ........................................ 15-17
6. सरलीकरण ........................................ 18-20
7. वर्गमूल एवं घनमूल ........................................ 21-22
8. अनुपात - समानुपात ........................................ 23-24
9. उम्र संबंधी प्रश्न ........................................ 25-26
10. साधारण ब्याज ........................................ 27-29
11. लाभ-हानि ........................................ 30-31
12. समय और काम ........................................ 32-34

13. औसत....................................35-36
14. प्रतिशत....................................37-38
15. समय और दूरी....................................39-41
16. क्षेत्रमिति....................................42-48

## मानसिक क्षमता परीक्षण

1. कोडिंग-डिकोडिंग....................................3-5
2. सादृश्यता परीक्षण....................................6-8
3. वर्गीकरण....................................9-11
4. वर्णमाला परीक्षण....................................12-14
5. दिशा परीक्षण....................................15-17
6. रक्त संबंध परीक्षण....................................18-20
7. पदानुक्रम व व्यवस्थीकरण....................................21-21
8. शृंखला एवं पुनर्व्यवस्था....................................22-24
9. बैठकी व्यस्थीकरण....................................25-26
10. औपबंधिक संख्या/अक्षर....................................27-28
11. काल परीक्षण....................................29-30
12. गणितीय संक्रियाएं....................................31-32
13. आरेखीय निरूपण....................................33-34
14. आव्यूह....................................35-37

❖◆❖◆❖

# सामान्य अध्ययन

## प्रश्न मंजूषा

# प्राचीन भारत

1. **निम्न में से कौन-सा स्थल नवपाषाण युग का प्राचीनतम प्रमाण प्रस्तुत करता है?**
(a) चिरांद (b) मेहरगढ़
(c) बुर्जहोम (d) दैमाबाद
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (b),** मेहरगढ़ पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है, जहाँ नवपाषाण युग (7000 ईसा-पूर्व से 3300 ईसा-पूर्व) के बहुत से अवशेष मिले हैं। यह स्थान वर्तमान बलूचिस्तान (पाकिस्तान) के मैदानी क्षेत्र में है। यह विश्व के उन स्थानों में से एक है, जहाँ प्राचीनतम कृषि एवं पशुपालन से सम्बन्धित साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

2. **हाथीगुम्फा अभिलेख किस शासक के विषय में जानकारी का स्रोत है?**
(a) खारवेल (b) अशोक
(c) हर्षवर्धन (d) कनिष्क
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (a),** उड़ीसा के भुवनेश्वर नामक स्थान से तीन मील दूर उदयगिरि नाम की पहाड़ी है, जिसकी एक गुफा में एक शिलालेख उपलब्ध हुआ है, जो 'हाथीगुम्फा शिलालेख' के नाम से प्रसिद्ध है।

❖ इसे कलिंगराज खारवेल ने उत्कीर्ण कराया था। यह लेख प्राकृत भाषा में है और प्राचीन भारतीय इतिहास के लिए इसका बहुत अधिक महत्त्व है। इस अभिलेख के अनुसार कलिंग के स्वतंत्र राज्य के राजा प्राचीन 'ऐल वंश' के चेति या चेदि क्षत्रिय थे। चेदि वंश में 'महामेधवाहन' नाम का प्रतापी राजा हुआ, जिसने मौर्यों की निर्बलता का लाभ उठाकर कलिंग में अपना स्वतंत्र शासन स्थापित किया।

3. **निम्न में से किस वेद का विभाजन आरण्यगान, ऊहगान, अहथगान एवं ग्रामगेय जैसे मंत्रों में किया गया है?**
(a) ऋग्वेद (b) सामवेद
(c) यजुर्वेद (d) अथर्ववेद
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (b),** सामवेद गीत-संगीत प्रधान है। प्राचीन आर्यों द्वारा साम-गान किया जाता था। सामवेद चारों वेदों में आकार की दृष्टि से सबसे छोटा है। इसके 1875 मन्त्रों मे से 99 को छोड़ कर सभी मन्त्र ऋग्वेद के हैं। केवल 17 मन्त्र अथर्ववेद और यजुर्वेद के पाये जाते हैं।

❖ सामवेद सभी वेदों का सार रूप है और सभी वेदों के चुने हुए अंश इसमें शामिल किये गये हैं। सामवेद संहिता के दो भाग है, आर्चिक और गान। पुराणों में जो विवरण मिलता है उससे सामवेद की एक सहस्त्र शाखाओं के होने की जानकारी मिलती है।

4. **निम्न में से कौन-सा कथन वैदिक साहित्य के अंतर्गत ब्राह्मण ग्रंथों के विषय में असत्य है?**
(a) ब्राह्मण ग्रंथों में पद्य का प्रयोग मिलता है।
(b) गोपथ ब्राह्मण अथर्ववेद से संबंधित है।
(c) इसमें वैदिक संहिताओं की कर्मकांडी व्याख्या की गयी है।
(d) इसमें सृष्टि से संबंधित पौराणिक गाथाओं का भी वर्णन है।
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (a)**, ब्राह्मण ग्रंथों में पद्य का प्रयोग नहीं मिलता है। ब्राह्मण ग्रंथ यज्ञों तथा कर्मकांडों के विधान और इनकी क्रियाओं को समझने के लिए आवश्यक होते हैं। इनकी भाषा वैदिक संस्कृत है।

5. **निम्न में से किस वेद को रूद्र नामक शब्द का आरंभिक स्रोत माना गया है?**
(a) ऋग्वेद (b) सामवेद
(c) यजुर्वेद (d) अथर्ववेद
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (a),** रुद्र देवता वैदिक वाङ्मय में एक शक्तिशाली देवता माने गये हैं। इसका वर्णन ऋग्वेद में गौण देवता के रूप में किया गया है।

❖ ऋग्वेद में रुद्र की स्तुति 'बलवानों में सबसे अधिक बलवान' कहकर की गयी है। यजुर्वेद का रुद्राध्याय रुद्र देवता को समर्पित है।

6. **'शतरुद्रिय' के रूप में रूद्र की कल्पना का विकास निम्न में से किस वेद में उल्लिखित है?**
(a) ऋग्वेद (b) सामवेद
(c) यजुर्वेद (d) अथर्ववेद
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (c),** रुद्राष्टाध्यायी का प्रधान अध्याय पांचवा है, इसमें 66 मन्त्र हैं। इसे 'शतरुद्रिय', 'रुद्राध्याय' या 'रुद्रसूक्त' कहते हैं।

❖ शतरुद्रिय यजुर्वेद का वह अंश है, जिसमें रुद्र के सौ या उससे अधिक नामों का उललेख हैं और उनके द्वारा रुद्रदेव की स्तुति की गई है। भगवान रुद्र की शतरुद्रीय उपासना से दुखों का सब प्रकार से नाश हो जाता है। दुखों का सर्वथा नाश ही मोक्ष कहलाता है।

7. **मौर्य काल में निम्न में से किस विषय पर सिर्फ राज्य का ही अधिकार था?**
(a) भूमि
(b) खान
(c) चारागाह
(d) वाणिज्य
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (b),** अर्थशास्त्र के अनुसार राज्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों, सिंचाई परियोजनाओं, खानों, वन क्षेत्रों और व्यापार मार्गों पर लगाए गए करों के माध्यम से राजस्व एकत्र करता था। इनमें में से खान पर सिर्फ राज्य का ही अधिकार होता था। अर्थशास्त्र में राज्य की कृषि नीतियों के माध्यम से खेती के क्षेत्रों का विस्तार करने का प्रयास किया गया।

❖ अर्थशास्त्र के अनुसार भूमि पर राज्य तथा निजी क्षेत्रों का अधिकार था। निजी भू-स्वामियों को अपना एक हिस्सा राज्य को कर के रूप में देना पड़ता था।

# कला संस्कृति

1. **निम्न में से कौन-सा ग्रंथ सूरदास का नहीं है?**
   (a) सूरसतसई  (b) सुरसारावली
   (c) साहित्य लहरी  (d) सूरसागर
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (a)** मूलरूप से सूरदास द्वारा निम्नलिखित पाँच ग्रन्थों की रचना की गई–

❖ सूरसागर
❖ सूरसारावली
❖ साहित्य-लहरी
❖ नल-दमयन्ती
❖ ब्याहलो

2. **'श्री रामायण महावैष्णम' पुस्तक के लेखक हैः**
   (a) वीरप्पा मोइली
   (b) जसवंत सिंह
   (c) अरूण शौरी
   (d) एम. जे. अकबर
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (a),** 'श्री रामायण महावैष्णम' के लेखक वीरप्पा मोइली है। मोइली को कन्नड़ भाषा में रचित उनकी कृति 'श्री रामायण महावैष्णम' के लिए 24वें सरस्वती सम्मान से सम्मानित किया गया।

3. **सांख्य दर्शन के प्रणेता कौन थे?**
   (a) पतंजलि  (b) गौतम
   (c) कपिलमुनि  (d) कणाद
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (c),** सांख्य दर्शन के रचयिता महर्षि कपिल ने इस दर्शन में लिखा है कि मूलतः दो अनादि तत्व है प्रगति और पुरुष। पुरुष चेतन और प्रगति अचतेन। प्रगति और पुरुष के संयोग से ही सृष्टि का संचालन हो रहा है। यह दर्शन प्रतिपादित करता है कि पदार्थ का नाश नहीं होता, उसका केवल रूपान्तरण होता है। महर्षि कपिल का 'तत्वसमास' सांख्य दर्शन का मूलभूत ग्रन्थ है।

4. **निम्नलिखित में से कौन-सी शैली पल्लव कला शैली का नहीं था?**
   (a) महेंद्रवर्मन शैली  (b) माम्मल शैली
   (c) राजसिंह शैली  (d) कर्नाटक शैली
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (d),** पल्लव कला शैली को चार भागों में बांटा गया

❖ महेंद्रवर्मन शैली
❖ माम्मल शैली
❖ राजसिंह शैली
❖ नन्दिवर्मन शैली

5. **सल्तनत काल में निम्न में से किस कला की उन्नति सर्वाधिक हुई?**
   (a) चित्रकला  (b) स्थापत्य कला
   (c) नृत्य कला  (d) संगीत कला
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (b),** भारत और तुर्कों के आपसी मिलन से स्थापत्य के क्षेत्र में एक नयी शैली का उदय हुआ, जिसे इन्डो-इस्लामिक शैली कहा जाता है। इस शैली की प्रमुख विशिष्टता मेहराब एवं गुम्बद का प्रयोग है। इस शिल्प को अरबों ने रोम से ग्रहण किया था। मेहराबों एवं गुम्बदों के निर्माण से अब स्तम्भों के निर्माण की आवश्यकता नहीं रह गई। तुर्क अपनी इमारतों में बढ़िया किस्म का चूना इस्तेमाल करते थे। इस प्रकार तुर्कों के आगमन से उत्तर-भारत में एक नई स्थापत्य शैली और बढ़िया किस्म के चूने का प्रयोग हुआ। अलंकरण के क्षेत्र में तुर्क मानव और पशु आकृतियों का चित्रण नहीं करते थे क्योंकि कुरान में इसकी मनाही थी। उनके स्थान पर ज्यामितीय और फूलों के नमूने बनाते थे।

6. **मध्यकालीन भक्ति आंदालेन की सर्वप्रमुख सामाजिक देन क्या है?**
   (a) कुरीतियों की समाप्ति
   (b) हिंदुओं में साहस
   (c) सहयोग के वातावरण का निर्माण
   (d) उदारता की प्रतिष्ठा
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (c),** भक्ति आंदोलन- सूफी आंदोलन की अपेक्षा अधिक प्राचीन है। उपनिषदों में इसकी दार्शनिक अवधारणा का पूर्ण प्रतिपादन किया गया है। भक्ति आंदोलन हिन्दुओं का सुधारवादी आंदोलन था। इसमें ईश्वर के प्रति असीम भक्ति, ईश्वर की एकता, भाई चारा, सभी धर्मों की समानता तथा जाति व कर्मकांडों की भर्त्सना की गई है। वास्तव में भक्ति आंदोलन का आरंभ दक्षिण भारत में सातवी से बारहवीं शताब्दी के मध्य हुआ, जिसका उद्देश्य नायनार तथा अलवार संतों के बीच मतभेद को समाप्त करना था। इस आंदोलन के प्रथम प्रचारक शंकराचार्य माने जाते हैं।

7. **बंगाल का विख्यात संत चैतन्य निम्न में से किस शासक के समकालीन थे?**
   (a) अलाउद्दीन हुसैन शाह
   (b) आजमशाह
   (c) सिकन्दर शाह
   (d) मुहम्मद शाह
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (a),** हुसैन शाह का शासनकाल अपनी प्रजा के प्रति धार्मिक सहिष्णुता के लिए भी जाना जाता है। प्रसिद्ध मध्ययुगीन संत, चौतन्य महाप्रभु और उनके अनुयायियों ने उनके शासनकाल के दौरान पूरे बंगाल में भक्ति (नाथ-गोपी) का प्रचार किया। जब हुसैन शाह को अपनी प्रजा

# मध्यकालीन भारत

**1. हर्षवर्धन द्वारा वल्लभी विजय का उल्लेख निम्न में से किस अभिलेख में मिलता है?**

(a) ऐहोल स्तंभ अभिलेख

(b) जूनागढ़ अभिलेख

(c) नौसासी ताम्रपत्र अभिलेख

(d) दामोदरपुर ताम्रपत्र अभिलेख

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (c),** हर्षवर्धन की वल्लभी विजय की जानकारी नौसासी (नवसारी) ताम्रपत्र शिलालेख से मिलती है। इसमें वल्लभी के खिलाफ हर्ष के सफल अभियान के बारे में जानकारी मिलता है। गुजरात में वल्लभी राज्य एक महत्वपूर्ण शक्ति थी। हर्ष ने वल्लभी राजा पर आक्रमण किया और उसे हराया। हालाँकि वल्लभी प्रमुख ने भड़ौच के गुर्जर राजा और अन्य सहयोगी दद्दा II की मदद से अपने पद को पुनः प्राप्त किया था। बाद में वल्लभी प्रमुख ध्रुवभट्ट ने हर्ष की बेटी से विवाह किया और इस तरह दोनों घरों के बीच संघर्ष समाप्त हो गया। हालाँकि हर्ष के सीधे नियंत्रण में वल्लभी के क्षेत्र को शामिल करने के संबंध में पर्याप्त विवाद है।

**2. निम्न में से किसने सुल्तान की उपाधि धारण करके 'रैयत-ए-आला' की उपाधि धारण की?**

(a) खिज्र खां (b) मुबारक शाह

(c) नसिरुद्दीन (d) जमां शाह

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (a),** तुगलक वंश की समाप्ति के बाद दिल्ली सल्तनत की बागडोर खिज्र खां के हाथों में आ गई। खिज्र खां सैय्यद वंश का संस्थापक था। वह स्वयं को इस्लाम धर्म के संस्थापक मुहम्मद पैगंबर साहब का वंशज मानता था।

❖ यह सल्तनत काल में शासन करने वाला एकमात्र शिया वंश था।

❖ इसने सुल्तान की उपाधि धारण न कर स्वयं को 'रैयत ए आला' की उपाधि से संतुष्ट रखा और तुगलक शासन काल के ही सिक्कों का प्रचलन अपनी अर्थ्यवस्था में चलने दिया। इसकी मृत्यु 20 मई 1421 में हो गई।

**3. निम्न में से कौन-सी व्यवस्था फिरोज शाह तुगलक के साम्राज्य के लिए घातक सिद्ध हुई?**

(a) उदारदंड नीति (b) जागीर व्यवस्था

(c) कराधान व्यवस्था (d) उलेमा का महत्व

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (b),** फिरोजशाह तुगलक ने नकद भुगतान के स्थान पर अपने अधिकारियों को जागीर (भूमि) देने की प्रणाली शुरू की। नियत समय में, जागीरदार बहुत शक्तिशाली हो गए और शासकों के लिए मुश्किलें पैदा कर दीं। उसने अपने शासनकाल में ही चांदी के सिक्के चलाये। सुल्तान बनने के बाद फिरोजशाह तुगलक ने सभी के कर्ज माफ कर दिए, जिसमें 'सोंधर ऋण' भी शामिल था, जो मुहम्मद तुगलक के समय किसानों को दिया गया था।

**4. सराय का पहली बार उल्लेख निम्न में से किसके शासनकाल में मिलता है?**

(a) बलबन (b) कुतुबुद्दीन ऐबक

(c) इल्तुतमिश (d) जलालुद्दीन खिलजी

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (a),** बलबन के शासनकाल में पहली बार आम लोगो को ठहरने के लिए सराय का निर्माण किया गया था।

❖ बलबन ने रक्त और लौह की नीति की शुरुआत की। बलबन ने राजत्व का नया सिद्धान्त प्रतिपादित किया। वह प्रथम सुल्तान था, जिसने राजत्व की सुस्पष्ट व्याख्या की। उसने राजत्व को निभायते-ए-खुदाई (ईश्वर द्वारा प्रदत) कहा। उसने जिल्ले-ए-इलाही (ईश्वर का प्रतिनिधि) की उपाधि धारण किया।

**5. चार मीनार के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सही नहीं है:**

(a) अली आदिल शाह द्वारा निर्मित किया गया।

(b) चार दिशाओं में चार बुलंद मेहराब है।

(c) इसकी प्रमुख सुंदरता चार मंजिली और 48 मीटर ऊंची मेहराव हैं।

(d) यह हैदराबाद शहर के केंद्र में स्थित है।

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (a),** 1591-92 में पूर्ण रूप से निर्मित हुए चारमीनार का निर्माण मुहम्मद कुली कुतुब शाही द्वारा करवाया गया था। चारमीनार 1591 में निर्मित, भारत के हैदराबाद, तेलंगाना में स्थित एक स्मारक और मस्जिद है।

❖ यह विश्व स्तर पर हैदराबाद के प्रतीक के रूप में जाना जाता है और भारत में सबसे अधिक मान्यता प्राप्त संरचनाओं में सूचीबद्ध है।

❖ ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण, यह संरचना आसपास के लोकप्रिय और व्यस्त स्थानीय बाजारों के लिए भी जाना जाता है, और यह हैदराबाद में सबसे अधिक पर्यटक आकर्षणों में से एक बन गया है।

**6. 1679 में औरंगजेब ने किस राज्य से युद्ध करने के बाद जजिया पुनः लागू कर दिया?**

(a) मेवाड़ (b) मारवाड़

(c) रणथंभौर (d) बीकानेर

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तरः (b),** वर्ष 1678 ईसवी में जसवंत की मृत्यु के बाद मारवाड़ में उत्तराधिकार की समस्या उत्पन्न हो गयी थी। कुछ समय के बाद औरंगजेब ने मारवाड़ को मुगल सल्तनत में मिलाने का निर्णय लिया।

❖ औरंगजेब ने मारवाड़ की राजधानी जोधपुर पर अधिकार कर लिया। उसने जोधपुर के मंदिरों को तोड़ने का आदेश दिया तथा जजिया कर पुनः लागू कर दिया। औरंगजेब ने जसवंत सिंह के सिंहासन को 56 लाख रुपये में नागौर को बेच दिया था।

❖ औरंगजेब ने मेवाड़ के राणा को मांडल, बिदनूर और मांडलगढ़ के परगने दिया था।

# आधुनिक भारत

1. **निम्नलिखित में से किस वस्तु ने भारतीय व्यापार हेतु यूरोपियों को प्रोत्साहित किया?**
   (a) नील (b) मसाला
   (c) मलमल (d) सूती वस्त्र
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (b),** सन 1511 तक पुर्तगालियों ने भारत और सिलोन के मालाबार तट पर मसाले के व्यापार पर नियंत्रण स्थापित कर लिया था। 16वीं शताब्दी के अंत तक भारतीय मसालों पर एकाधिकार और उसके व्यापार से पुर्तगालियों को बहुत फायदा हुआ। काली मिर्च सबसे खास मसाला थी, जिसे लिस्बन ले जाया जाता था। उस दौरान ये लगभग सोने के बराबर मूल्य का हुआ करता था।

❖ 16वीं शताब्दी में पुर्तगाल के राजस्व का आधा हिस्सा पश्चिम अफ्रीका के सोने, भारतीय काली मिर्च और अन्य मसालों के व्यापार से आता था। इसमें भारतीय मसालों का अनुपात सोने से काफी ज्यादा था।

2. **ब्रिटिश राज का प्रमुख उद्देश्य क्या नहीं था?**
   (a) कंपनी के मुनाफे को बढ़ाना
   (b) अपनी भारतीय जायदादों को ब्रिटेन के लिए लाभप्रद बनाना
   (c) भारतीयों को सामाजिक गतिशीलता देना
   (d) भारतीयों पर ब्रिटिश शिकंजा मजबूत करना
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (c),** ब्रिटिश शासन का उद्देश्य भारत उन वस्तुओं को ब्रिटेन ले जाना था, जो उनके लिए उपयोगी था। अपनी सत्ता स्थापित कर यहाँ से धन की निकासी करना था। दादा भाई नौरोजी द्वारा 'ड्रेन ऑफ वेल्थ' की रचना इसी उद्देश्य से की गई थी।

3. **गुजरात का शासक बहादुर शाह किसके साथ हुए संघर्ष में मारा गया?**
   (a) डच (b) अंग्रेज
   (c) पुर्तगीज (d) फ्रेंच
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (c),** बहादुर शाह गुजरात का सुल्तान था। वह मुजफ्फरशाह का पुत्र था। इसने 1526-1535 और फिर दोबारा 1536-1537 तक गुजरात सल्तनत पर राज्य किया। बहादुर शाह ने चितोड़ पर आक्रमक कर उसे जीत लिया था। उसने मालवा पर आक्रमण कर उसे भी जीत लिया। ऐसा माना जाता है कि उसी के समय में पोर्तुगीजो ने दीव पर कब्जा कर लिया था और उसकी हत्या कर दी थी।

4. **1809 के अमृतसर की संधि का रणजीत सिंह पर क्या प्रभाव पड़ा?**
   (a) सतलज के पार प्रसार रूक गया
   (b) उसके सैनिक व्यय में कमी हुई
   (c) उसे अंग्रेजों से सहायक संधि करनी पड़ी
   (d) उसे भविष्य में अंग्रेजों की मदद करनी थी
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (a),** अंग्रेजों तथा विरोधी सिक्ख राज्यों के भय के कारण रणजीत सिंह ने 1809 ई. में लार्ड मिंटो के दूत चार्ल्स मेटकाफ से अमृतसर की संधि कर ली। अमृतसर की संधि रणजीत सिंह तथा अंग्रेजों (ईस्ट इंडिया कंपनी) के मध्य हुई थी। इस समय लार्ड मिंटो प्रथम, भारत का गवर्नर जनरल था।

❖ अमृतसर की संधि द्वारा रणजीत सिंह के सतलज नदी के पूर्वी तट पर विस्तार को सीमित कर दिया गया तथा उत्तर में राज्य विस्तार की छूट दी गई, संधि के बाद रणजीत सिंह ने राज्य विस्तार की पूर्वी सीमा को सतलज तक स्वीकार कर लिया।

5. **निम्नलिखित कथनों में कौन सा बंगाल में ईस्ट-इंडिया कंपनी द्वारा स्थापित द्वैध शासन व्यवस्था की सही व्याख्या करता है?**
   (a) कार्यपालिका और न्यायिक प्राधिकरण को अलग कर दिया गया था।
   (b) ब्रिटिश प्रशासन ने दीवानी या राजस्व और निजामत के कार्यों को अपने अधीन कर लिया।
   (c) राजस्व प्रशासन और आपराधिक न्याय प्रशासन को अलग कर दिया गया और ये क्रमश: ब्रिटिश और नवाब के अंतर्गत थे।
   (d) नई व्यवस्था कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए की गयी थी।
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (b),** बंगाल की द्वैध सरकार व्यवस्था प्रशासन की दोहरी प्रणाली, थी, जिसकी शुरुआत रॉबर्ट क्लाइव ने की थी। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने वास्तविक सत्ता प्राप्त की, जबकि प्रशासन की जिम्मेदारी का प्रभार बंगाल के नवाब के पास था। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी दीवान के रूप में बंगाल प्रांत के राजस्व संचित करने के लिए अधिकृत थी। इसके अलावा उप सुबेदार नियुक्त करने के अधिकार के साथ, अंग्रजों ने पुलिस और न्यायिक शक्तियां या निजामत नियंत्रित करने का पदभार भी प्राप्त कर लिया।

6. **निम्नलिखित में से कौन-सी घटना लॉर्ड वेलिंगटन के वायसराय काल से संबद्ध मानी जाती है?**
   (a) द्वितीय गोलमेज सम्मेलन (b) बिहार में भूंकप
   (c) पूना पैक्ट (d) अगस्त प्रस्ताव
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (e),** जब लॉर्ड वेलिंगटन भारत के वायसराय थे तो उनके कार्यकाल में अनेक कार्य हुए जैसे-दूसरा गोलमेज सम्मेलन, साम्प्रदायिक-पंचाट की घोषणा, पूना समझौता, तीसरा गोलमेज सम्मेलन और भारत शासन अधिनियम 1935 ।

**लॉर्ड वेलिंगटन**

❖ लॉर्ड वेलिंगटन का कार्यकाल 18 अप्रैल 1931 से 18 अप्रैल 1936 ई. तक था।

❖ लॉर्ड वेलिंगटन के कार्यकाल में 7 सितम्बर 1931 को द्वितीय गोलमेज सम्मेलन हुआ था।

# भारत का स्वतंत्रता आंदोलन

1. **कांग्रेस के किस अधिवेशन में साइमन कमीशन के बायकॉट का नारा दिया गया था?**
   (a) कलकत्ता अधिवेशन (1928)
   (b) मद्रास अधिवेशन (1927)
   (c) सूरत अधिवेशन (1907)
   (d) नागपुर अधिवेशन (1920)
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (b),** 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन मद्रास में हुआ था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का यह 43वां अधिवेशन था, जिसके अध्यक्ष डॉ. एम. ए. अंसारी थे।

- ❖ इसमें पूर्ण स्वाधीनता की मांग की गई थी। 1927 के कांग्रेस के मद्रास अधिवेशन में (जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में) युवा कांग्रेस नेताओं में उदारवादी नेताओं के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए पूर्ण स्वाधीनता को कांग्रेस का लक्ष्य घोषित करने का प्रस्ताव रखा किंतु वह पारित न हो सका।
- ❖ इसी कारण 1928 ई. में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में महात्मा गांधी को नेहरू रिपोर्ट को स्वीकृत कराने में अत्यधिक कठिनाई हुई, क्योंकि पं. जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस जैसे युवा नेता डोमिनियम स्टेट से संतुष्ट नहीं थे।

2. **निम्नलिखित में से किसे महात्मा गांधी का राजनीतिक गुरु माना जाता है?**
   (a) दादाभाई नौराजी (b) गोपाल कृष्ण गोखले
   (c) लाला लाजपतराय (d) बाल गंगाधर तिलक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (b),** गोपाल कृष्ण गोखले भारत के एक स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी, विचारक एवं सुधारक थे। महादेव गोविंद रानाडे के शिष्य गोपाल कृष्ण गोखले को वित्तीय मामलों की अद्वितीय समझ और उस पर अधिकारपूर्वक बहस करने की क्षमता के कारण उन्हें भारत का 'ग्लेडस्टोन' कहा जाता है।

- ❖ वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में सबसे प्रसिद्ध नरमपंथी थे। चरित्र निर्माण की आवश्यकता से पूर्णत: सहमत होकर उन्होंने 1905 में सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी की स्थापना की ताकि नौजवानों को सार्वजनिक जीवन के लिए प्रशिक्षित किया जा सके।

3. **कांग्रेस के किस अधिवेशन में सर्वप्रथम किसी विदेशी ने अध्यक्षता की थी?**
   (a) इलाहाबाद (b) गुवाहाटी
   (c) कालीकट (d) बेलगांव
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (a),** कांग्रेस का बंबई (पहला) अधिवेशन- यह अधिवेशन दिसंबर, 1885 में डब्ल्यू. सी. बनर्जी(व्योमेश चंद्र बनर्जी) की अध्यक्षता में हुआ।

- ❖ कांग्रेस का कलकत्ता (दूसरा) अधिवेशन-दिसंबर, 1886 में दादाभाई नौरोजी की अध्यक्षता में हुआ।
- ❖ कांग्रेस का मद्रास (तीसरा) अधिवेशन- दिसंबर, 1887 में बदरुद्दीन तैय्यबजी की अध्यक्षता में हुआ।
- ❖ कांग्रेस का इलाहाबाद (चौथा) अधिवेशन- दिसंबर, 1888 में जार्ज यूले की अध्यक्षता में हुआ।
- ❖ कांग्रेस का बंबई (पांचवा) अधिवेशन- दिसंबर, 1889 में बिलियन वेडरबर्न की अध्यक्षता में हुआ।
- ❖ कांग्रेस का कलकत्ता (छठाँ) अधिवेशन- दिसंबर, 1890 में फिरोजशाह मेहता की अध्यक्षता में हुआ।
- ❖ कांग्रेस का नागपुर (सातवाँ) अधिवेशन- दिसंबर, 1891 में पी. आनंनद चार्लू की अध्यक्षता में हुआ।
- ❖ कांग्रेस का इलाहाबाद (आठवाँ) अधिवेशन- दिसंबर, 1892 में डब्ल्यू. सी. बनर्जी की अध्यक्षता में हुआ।
- ❖ कांग्रेस का लाहौर (नौवां) अधिवेशन- दिसंबर, 1893 में दादाभाई नौरोजी की अध्यक्षता में हुआ।

4. **रॉलेट एक्ट के संबंध में निम्न में से कौन-सा तत्व असंबद्ध है?**
   (a) इसका उद्देश्य श्वेत जनमत को खुश करना था।
   (b) इसमें बिना मुकदमा चलाये गिरफ्तारी एवं बंदी का प्रावधान था।
   (c) इस कानून का विरोध संपूर्ण देश ने किया।
   (d) हंटर कमीशन की रिपोर्ट पर इसे वापस ले लिया गया।
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**उत्तर: (d),** रॉलेट एक्ट अधिनियम, 1919 (The Anarchical and Revolutionary Crime Act of 1919) के तहत मुख्य प्रावधान निम्नवत थे-

1. रॉलेट एक्ट 1919 में इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल द्वारा पारित किया गया था।
2. रॉलेट एक्ट का आधिकारिक नाम अराजक और क्रांतिकारी अपराध अधिनियम, 1919 (Anarchical and Revolutionary Crimes Act, 1919) था।
3. इस अधिनियम ने ब्रिटिश सरकार को राजनीतिक गतिविधियों को दबाने और उनके खिलाफ विद्रोह को दबाने के लिए भारी शक्तियाँ प्रदान की।
4. इस अधिनियम ने क्रांतिकारी गतिविधियों में संदिग्ध किसी को भी हिरासत में लेने की अनुमति दी, और सरकार को बिना किसी मुकदमे के दो साल तक किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार दिया।
5. इस अधिनियम ने पुलिस को बिना वारंट के किसी भी स्थान की तलाशी लेने का अधिकार दिया।
6. इस अधिनियम ने प्रेस की स्वतंत्रता और विरोध पर गंभीर प्रतिबंध लगाए।
7. रॉलेट एक्ट समिति की अध्यक्षता सर सिडनी रॉलेट ने की थी। बाद में, इस अधिनियम का नाम सर सिडनी रॉलेट के नाम पर रखा गया।

# भारतीय राजव्यवस्था

**1. राज्य के चार आवश्यक तत्व निम्न में से कौन समझे जाते हैं?**
(a) भूमि, जनसंख्या, सरकार, संप्रभुता
(b) भूमि, जनसंख्या, निरंकुशता, सरकार
(c) भूमि, जनसंख्या, शक्ति, सरकार
(d) भूमि, जनसंख्या, आज्ञाकारिता, संप्रभुता
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**उत्तरः (a),** निश्चित क्षेत्र या भूभाग (territory)
❖ जनसंख्या (population)
❖ सरकार (government)
❖ संप्रभुता (sovereignity)

**2. निम्नलिखित में से किसे संसद को संबोधित करने का अधिकार प्राप्त है?**
(a) भारत के महान्यायविद को
(b) भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को
(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश को
(d) राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**उत्तरः (a),** संविधान के अनुच्छेद 76 में भारत के महान्यायवादी पद संबंधी व्यवस्था का वर्णन है। वहीं अनुच्छेद 88 में महान्यायवादी के संसद की कार्यवाही में प्रतिभाग करने संबंधी अधिकार का वर्णन है, जिसमें मत देने के अधिकार को छोड़कर सदन के सदस्यों के समान शेष अधिकार प्राप्त है।

**3. नवयुवकों द्वारा 18 वर्ष की आयु पर मताधिकार का पहली बार प्रयोग किया गया, आम चुनाव में**
(a) 1987 के (b) 1988 के
(c) 1989 के (d) 1990 के
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**उत्तरः (c),** 61वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1989 द्वारा संविधान के अनुच्छेद 326 में परिवर्तन कर मत देने की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई।

**4. राज्यसभा में विपक्ष का प्रथम नेता निम्न में से कौन था?**
(a) सी.एम. इब्राहिम (b) भोला पासवान
(c) कमलापति त्रिपाठी (d) वाई.बी. चौहान
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**उत्तरः (c),** राज्यसभा मोन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड प्रतिवेदन से हुआ। भारत सरकार अधिनियम, 1919 में तत्कालीन विधानमंडल के द्वितीय सदन के तौर पर काउंसिल ऑफ स्टेट्स का सृजन करने का उप सीमित था, जो वस्तुतः 1921 में अस्तित्व में आया। गवर्नर-जनरल तत्कालीन काउंसिल ऑफ स्टेट्स का पदेन अध्यक्ष होता था। राज्यसभा में विपक्ष के प्रथम नेता कमलापति त्रिपाठी थे।

**5. भारत की संसद के सम्बन्ध में निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा विकल्प सही नहीं है?**
(a) संविधान में एक संसदीय प्रणाली की सरकार का प्रावधान है।
(b) संसद का सर्वप्रमुख कार्य है मंत्रिमण्डल का प्रावधान करना।
(c) मंत्रिमण्डल की सदस्यता निम्न सदन तक सीमित है।
(d) मंत्रिमण्डल को लोकप्रिय सदन में बहुमत का विश्वास प्राप्त रहना चाहिए।
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**उत्तरः (c),** अनुच्छेद 75(5) के अनुसार मंत्रिमण्डल के सदस्य को संसद के किसी भी सदन का सदस्य होना चाहिए अथवा मंत्री पद धारण करने के 6 माह के भीतर सदन की सदस्यता धारण करें अन्यथा वह इस अवधि के बाद मंत्री पद पर नहीं रहेगा।

**6. निम्न में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?**
(a) उपराष्ट्रपति को हटाने का संकल्प पहले राज्यसभा में ही पेश किया जाता है।
(b) उपराष्ट्रपति केवल संविधान के अतिक्रमण के लिए ही हटाया जा सकता है।
(c) उपराष्ट्रपति को हटाने की प्रक्रिया, राष्ट्रपति की अपेक्षा सरल है।
(d) उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए पहले लोकसभा का साधारण बहुमत ही प्राप्त होना चाहिए।
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**उत्तरः (b),** संविधान के अनुसार उपराष्ट्रपति को राज्य सभा के एक ऐसे संकल्प द्वारा पद से हटाया जा सकता है, जिसे राज्यसभा के तत्कालीन सदस्यों के बहुमत ने पारित किया हो और लोकसभा सहमत हो।
❖ इस प्रयोजनार्थ संकल्प को केवल तभी उपस्थित किया जा सकता है, जबकि इस आशय की सूचना कम से कम 14 दिन पहले दी गई हो।

**7. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत निम्न में से किसका उल्लेख संघ सूची में नहीं है?**
(a) बीमा (b) गैस
(c) जनगणना (d) रक्षा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**उत्तरः (b),** संघ सूची में दिए गए विषय पर केंद्र सरकार कानून बनाती है।
❖ संघ सूची भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में वर्णित कुछ विषयों की सूची है, जिसमें दिये गये विषयों पर केवल केन्द्र सरकार कानून बना सकती है। संविधान लागू होने के समय इसके अंतर्गत 97 विषय थे परंतु वर्तमान में 100 विषय है

# समसामयिक प्रश्न

1. अटल भूजल योजना की राष्ट्रीय स्तर की संचालन समिति (एनएलएससी) की चौथी बैठक 26 मई, 2023 को कहाँ आयोजित की गई?
(a) अमृतसर (b) जालंधर
(c) उदयपुर (d) नई दिल्ली

2. एस. वैधनाथन को हाल ही में किस उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश के रूप में नियुक्त किया गया है?
(a) पटना उच्च न्यायालय
(b) मद्रास उच्च न्यायालय
(c) कलकत्ता उच्च न्यायालय
(d) इलाहाबाद उच्च न्यायालय

3. जी-20 के डिजास्टर रिस्क रिडक्शन वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक 25 मई, 2023 को कहाँ संपन्न हुई?
(a) बेंगलुरु (b) अहमदाबाद
(c) मुंबई (d) पुणे

4. हाल ही में किस राज्य सरकार ने सभी जेलों में कॉल ब्लॉकिंग प्रणाली के लिए टावर लगाने की स्वीकृति दी?
(a) मध्य प्रदेश (b) बिहार
(c) जम्मू-कश्मीर (d) उत्तर प्रदेश

5. 'रसायन और पेट्रोरसायन: हरित प्रौद्योगिकियों और डिजिटलिकरण के माध्यम से सतत बदलाव' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हाल ही में कहाँ किया गया?
(a) दिसपुर (b) जोधपुर
(c) लुधियाना (d) नई दिल्ली

6. हाल ही में किस क्रिकेटर को त्रिपुरा पर्यटन के लिए ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया है?
(a) सौरव गांगुली (b) महेन्द्र सिंह धोनी
(c) विराट कोहली (d) रोहित शर्मा

7. हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को किस देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू (जीसीएल) से सम्मानित किया गया?
(a) जमाईका (b) मोरीशस
(c) पापुआ न्यू गिनी (d) ऑस्ट्रेलिया

8. नवीनतम एटीपी रैंकिंग में नोवाक जोकोविक को पीछे कर विश्व के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी कौन बन गये हैं?
(a) एंडी मर्रे (b) कार्लोस अल्कराज
(c) रोजर फेडरर (d) राफेल नडाल

9. चीनी उत्पादन में महाराष्ट्र को पीछे छोड़ प्रथम स्थान पर कौन-सा राज्य आ गया है?
(a) कर्नाटक (b) उत्तर प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) बिहार

10. सुशासन विनियमों को मंजूरी देने वाला देश का पहला राज्य कौन है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) महाराष्ट्र (d) मध्य प्रदेश

11. चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2022 में किस राज्य ने पहला स्थान प्राप्त किया है?
(a) हरियाणा (b) उत्तर प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) राजस्थान

12. डेनमार्क के होल्गर रुन को हराकर इटली ओपन टेनिस में पुरुष सिंगल्स का खिताब किसने जीता है?
(a) एंडी मरे (b) दानिल मेदवेदेव
(c) नोवाक जोकोविच (d) राफेल नडाल

13. भारत ने किस देश में चक्रवात मोचा से प्रभावित लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए "ऑपरेशन करुणा" शुरू किया?
(a) बांग्लादेश (b) म्यांमार
(c) भूटान (d) श्रीलंका

14. किस राज्य ने 17 मई, 2023 को बेरोजगार युवाओं के लिए 'मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना' को मंजूरी दी है?
(a) झारखण्ड (b) बिहार
(c) राजस्थान (d) मध्य प्रदेश

15. सर्वाधिक मोबाइल डेटा स्पीड के मामले में विश्व में शीर्ष पर कौन-सा देश हैं?
(a) कतर (b) चीन
(c) अमेरिका (d) जापान

16. हाल ही में देश के नए कानून मंत्री के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
(a) रवि शंकर प्रसाद (b) अर्जुन राम मेघवाल
(c) नित्यानंद राय (d) किरेन रिजिजू

17. '100 Days 100 Pays' अभियान किस संस्था ने शुरू करने की घोषणा की है?
(a) नीति आयोग (b) RBI
(c) वित्त मंत्रालय (d) महिला आयोग

# प्राथमिक गणित

## प्रश्न मंजूषा

# संख्या पद्धति (Number System)

## अभ्यासार्थ प्रश्न

1. 1 और 100 के बीच ऐसी कितनी संख्याएं हैं जो 7 से पूर्णत: विभाजित होती हैं?
   (a) 12 (b) 13
   (c) 14 (d) 15
2. 625, 256 और 225 का गुणनफल होगा:
   (a) एक पूर्ण वर्ग (b) एक पूर्ण घन
   (c) 350 से भाज्य (d) 700 से भाज्य
3. 1, 2, 3, 4 और 5 से बनी 5 अंकों की संख्या जो 11 से पूर्णत: विभाजित होती हो, है:
   (a) 12345 (b) 15343
   (c) 41235 (d) इनमें से कोई नहीं
4. रोमन पद्धति में C का अर्थ होता है:
   (a) 100 (b) 50
   (c) 500 (d) 1000
5. $10^0$ का मान है?
   (a) 10 (b) 1
   (c) 0 (d) 1000
6. तीन अंकों की सबसे छोटी संख्या है?
   (a) 100 (b) 999
   (c) 500 (d) 900
7. तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या है?
   (a) 999 (b) 100
   (c) 500 (d) 900
8. 1000 का अभाज्य गुणनखंड है:
   (a) $10 \times 10 \times 10$ (b) $2 \times 5 \times 5 \times 10$
   (c) $2 \times 2 \times 2 \times 5 \times 5$ (d) $2 \times 2 \times 2 \times 5 \times 5 \times 5$
9. 19 में कौन-सी छोटी-से-छोटी संख्या जोड़ें कि योगफल 3 से पूर्णत: विभाजित हो जायेगा?
   (a) 3 (b) 2
   (c) 1 (d) 6
10. वह कौन-सी संख्या है जिसे 15 से भाग देने पर भागफल 15 और शेषफल 5 रहता है?
    (a) 80 (b) 90
    (c) 220 (d) 230
11. संख्या 15030 में 5 तथा 3 के स्थानीय मानों का अंतर बताएं।
    (a) 2 (b) 4970
    (c) 4997 (d) 5000
12. 10 और 20 के बीच कितनी अभाज्य संख्याएं हैं?
    (a) 2 (b) 3
    (c) 4 (d) 5
13. 10 पैसे, 2 रु. का कौन-सा भाग है?
    (a) $\frac{1}{20}$ (b) $\frac{2}{5}$
    (c) $\frac{1}{3}$ (d) $\frac{2}{10}$
14. $4 + 4 - 15$ का $\frac{1}{4} - \frac{17}{4}$ = ?
    (a) 1 (b) 0
    (c) 4 (d)
15. $6 \times 4 - 2 \div 2$
    (a) 6 (b) 11
    (c) 18 (d) 23
16. 12 हजार + 13 सौ + 2 दहाई = ?
    (a) 12132 (b) 13320
    (c) 120132 (d) 12320
17. यदि किसी संख्या को उसी संख्या से गुणा किया जाए, तो गुणनफल 256 होता है, वह संख्या :
    (a) 14 (b) 16
    (c) 18 (d) 20
18. 1, 0, 3, 7 तथा 6 अंकों से बनी सबसे बड़ी संख्या है:
    (a) 71063 (b) 76310
    (c) 76103 (d) 76301
19. निम्नलिखित में अपरिमेय संख्या कौन-सी है?
    (a) $\sqrt{\frac{36}{64}}$ (b) $\frac{\sqrt{3}}{2}$
    (c) $\frac{-9}{\sqrt{49}}$ (d) $\frac{\sqrt{9}}{\sqrt{81}}$
20. निम्न में से कौन-सी संख्या अभाज्य है?
    (a) $\sqrt{144}$ (b) $\sqrt{81}$
    (c) $\sqrt{\frac{4 \times 8}{2}}$ (d) $\frac{4}{2}$
21. निम्नलिखित में कौन-सी संख्या परिमेय संख्या है?
    (a) $\sqrt{2\frac{1}{4}}$ (b) $\sqrt{2}$
    (c) $\sqrt{4\frac{1}{2}}$ (d) $\sqrt{2 \times \frac{1}{4}}$
22. $\frac{11}{12}$ का योज्य प्रतिलोम है :
    (a) $\frac{12}{11}$ (b) $-\frac{12}{11}$
    (c) $\frac{11}{12}$ (d) $-\frac{11}{12}$
23. निम्नलिखित में कौन-सी संख्या वास्तविक है, लेकिन परिमेय नहीं है ?
    (a) $\sqrt{3}$ (b) $\sqrt{\frac{4}{1}}$
    (c) $\sqrt{\frac{9}{4}}$ (d) $\sqrt{\frac{49}{9}}$
24. एक पूर्णांक संख्या जो प्राकृत नहीं है, वह है:
    (a) - 1 (b) 2
    (c) 4 (d) 1

# मानसिक क्षमता परीक्षण

## प्रश्न मंजूषा

# कोडिंग-डिकोडिंग (Coding-Decoding)

## अभ्यासार्थ प्रश्न

1. E को V के रूप में, D को Q के रूप में, N को Z के रूप में, G को T के रूप में, R को I के रूप में, A को M के रूप में कोडबद्ध किया जाए तो निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द DANGER का सही रूप होगा?
(a) QMZTIV (b) QMZTVI
(c) QMZITV (d) QZMTVI
2. यदि 'A' को '1' से विस्थापित किया जाए, 'B' को '2' से तथा इसी प्रकार Z तक के अक्षरों को विस्थापित करते हुए, 'Z' को '26' से विस्थापित कर दिया जाए तो शब्द DECAY के अक्षरों का कुल मान क्या होगा?
(a) 38 (b) 41
(c) 40 (d) 37
3. यदि किसी सांकेतिक भाषा में CHITON को IHCNOT लिखा जाता है, तो उसी भाषा में DILATE को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) ETALID (b) LIDATE
(c) LIDETA (d) ETADIL
4. एक निश्चित कूट भाषा में FIVE को GHWD लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में HURT को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) ITSS (b) ITST
(c) GTSS (d) ITQU
5. एक खास कोड में DUPLICATE को MRVFJFVBE लिखा जाता है। उस कोड में CARTOUCHE कैसे लिखा जाएगा?
(a) UTBEPWDJF (b) UTBFQFJDW
(c) UTBEQFJDW (d) UTBEPFJDW
6. किसी खास कोड में MEADOW को BFNVNC लिखते हैं। इस कोड में CORNER कैसे लिखा जाएगा?
(a) DPSQDM (b) SPDMDQ
(c) SPDQDM (d) DPSMDQ
7. एक निश्चित कोड में SOLDIER को JFSCRNK लिखा जाता है। उस कोड में GENIOUS कैसे लिखा जाएगा?
(a) PVTHHFO (b) PVTHFDM
(c) PVTHMDF (d) TVPHFDM
8. AMONG को NAOGM और SPINE को NSIEP लिखते हैं तो LAMON को कैसे लिखा जायेगा?
(a) OALNM (b) MLONA
(c) OLMNA (d) OLNMA
9. एक निश्चित सांकेतिक भाषा में DESIGN को FCUGIL लिखा जाता है। उसी सांकेतिक भाषा में REPORT को कैसे लिखा जाएगा?
(a) TCRMPR (b) TCRMTR
(c) TCTMPR (d) TCTNTR
10. किसी खास कोड में DAYLONG को ZBEKHOP लिखा जाता है। इस कोड़ में CORDIAL कैसे लिखा जाएगा?
(a) SPDCMBJ (b) SPDEMBJ
(c) DPSCMBJ (d) SPDCJBM
11. किसी खास कोड 'PULSE' को 'DRKTO' और 'NEW' को 'VDM' लिखते हैं। इस कोड में 'PROBES' कैसे लिखा जाएगा?
(a) RDANQO (b) QSPCFT
(c) TFCPSQ (d) OPNADR
12. एक खास कोड में, MIGHT को LHFGS लिखा जाता है। उस कोड में BELOW कैसे लिखा जाएगा?
(a) CFMPX (b) ADJNU
(c) ADKMV (d) ADKNV
13. यदि EODGH कोड है BLADE का तो CRICKET का कोड क्या होगा?
(a) FULFNHW (b) FULFNTW
(c) FULFNIW (d) FCLFNHW
14. एक निश्चित कूट भाषा में NAMES को TFNBO लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में CRANE को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) FMBQD (b) DSBOF
(c) FOBSD (d) FBODS
15. यदि किसी सांकेतिक भाषा में GROUP को ONTQF लिखा जाता है, तो उसी भाषा में THEIR को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) SJFIU (b) QHDGS
(c) SGDHQ (d) QJFIS
16. एक निश्चित कोड में DREA को BFSE, MING को FMHL और TREA को BFSU लिखा जाता है। उसी कोड में TISE को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) DRHS (b) DSTV
(c) DSHS (d) FUGS
17. किसी खास कोड में SUBSTANCE को RATRUFDOB लिखते हैं। इसके कोड में TENTHOUSE कैसे लिखा जाएगा?
(a) SMDSIFTVP (b) UOFUIDRTN
(c) UOFUIFTVP (d) SMDSIDRTN
18. किसी खास कोड में RETAIL को UFSBJM लिखते हैं। इस कोड में EXPECT कैसे लिखा जाएगा?
(a) FQYFDU (b) QYDUDF
(c) FYQFDU (d) QYFFDU
19. एक खास कोड में के 'MOTHER' को 'OMHURF' के रूप में लिखा जाता है। उस कोड में 'ANSWER' को कैसे लिखा जाएगा?
(a) NBWRRF (b) NAWTRF
(c) NBWTRD (d) NBXSSE
20. किसी कोड़ भाषा में PINK को QHOJ लिखा जाता है और BOLT को CNMS लिखा जाता है। उस कोड में MUST कैसे लिखा जाएगा?
(a) NVTS
(b) NTTS
(c) NTRS
(d) NITU